कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर
जी.ई. रोड रायपुर - 492010 (छत्तीसगढ़)
Web site-www.gacraipurcg.in E-mail- principal@gacraipurcg.in
Tel./ Fax No.:- 0771-2263396 ayurvediccollege@gmail.com

---

कमांक/प्रवेश/2018........5176-78 रायपुर दिनांक :-....16 OCT 2018

**आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी.आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.आयुर्वेद) त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग कार्यकम।**

## " काउंसिलिंग सूचना "

**काउंसिलिंग स्थान :-** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.)

**काउंसिलिंग दिनांक :-** 25.10.2018 (गुरूवार) एवं 26.10.2018 (शुकवार)

आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी.आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस.आयुर्वेद) पाठ्यकम सत्र 2018-19 में ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद नई दिल्ली द्वारा आयोजित AIA-PGET प्रवेश परीक्षा 2018 में सम्मिलित अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार उक्त परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त प्राप्तांकों/ प्रतिशत के आधार पर तैयार अर्ह अभ्यर्थियों की मेरिट सूची के अनुसार शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में विभिन्न विषयों में संचालित त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यकम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के वेबसाइट में प्रकाशित मेरिट सूची में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को विभिन्न श्रेणी / संवर्गवार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी इस सूचना को ही बुलावा पत्र मानते हुए काउंसिलिंग में अवसर लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

### समय सारिणी

| दिनांक | श्रेणी / संवर्ग | रजिस्ट्रेशन का समय | ए.आई.ए.पी.जी.ई.टी. प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 25.10.2018 | अनारक्षित | प्रातः 09 बजे से 10 बजे | 67.9 से 50.53 |
| ---"--- | अ.पि.वर्ग | प्रातः 10 बजे से 11 बजे | 67.9 से 50.79 |
| 26.10.2018 | अनुसूचित जाति | प्रातः 09 बजे से 10 बजे | 50.53 से 41.58 |
| ---"--- | अनु.जन जाति | प्रातः 10 बजे से 10.30 बजे | 40.79 |
| ---"--- | शास. सेवक | प्रातः 10.30 बजे से 11.30 बजे | 55.27 से 42.64 |
| ---"--- | अन्य प्रदेश | प्रातः 11.30 बजे से 01 बजे | 72.11 से 63.95 |

सभी अभ्यर्थी निम्नलिखित समस्त मूल प्रमाण पत्रों / अंकसूचियों एवं उनकी एक सेट की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित काउंसिलिंग हेतु निर्धारित दिनांक, स्थान एवं समय पर उपस्थित होंवे। उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी प्रवेश का अवसर खो देंगे। काउंसिलिंग में उपस्थित होना प्रवेश की गारंटी नहीं है।

**प्रमाण पत्रों का कम :-**

1. AIAPGET 2018 परीक्षा हेतु जारी एडमिट कार्ड।
2. AIAPGET 2018 परीक्षा की अंकसूची।
3. 10 वीं की अंकसूची।
4. 12 वीं अंकसूची।
5. बी.ए.एम.एस. पाठ्यकम की समस्त परीक्षाओं की अंकसूचियाँ।

6. आवेदन की अंतिम तिथि तक इन्टर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र।
7. बी.ए.एम.एस. उपाधि प्रमाण पत्र।
8. किसी भी राज्य के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद बोर्ड/ परिषद में जीवित पंजीयन का प्रमाण पत्र।
9. मूल निवासी प्रमाण पत्र (राज्य के अभ्यर्थियों के लिए, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
10. स्थायी जाति प्रमाण पत्र। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, केवल छत्तीसगढ़ के आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिये।)
11. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिये वित्तीय वर्ष 2017–18 का आय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2017–18, 2016–17 एवं 2015–16) का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
12. सेवारत होने की स्थिति में नियोजक संस्था का नाम एवं शासन/ विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
13. यदि सरनेम परिवर्तित है तो परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. अन्य कोई प्रमाण पत्र जिसका उल्लेख आवेदन में किया गया है।
15. काउंसिलिंग में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार उनके नाम के सम्मुख रिमार्क के कालम में यदि किसी कमी का उल्लेख है तो उसकी पूर्ति करना काउंसिलिंग के समय आवश्यक होगा।

**शुल्क :–**

काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रवेशार्थियों के लिये रू. 600/– तथा अन्य प्रवेशार्थियों के लिये रूपयें 1000/– होगा, जो वापसी योग्य नहीं है। काउंसिलिंग पश्चात प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थी को प्रवेश के समय नियमानुसार महाविद्यालय में अन्य शुल्क जमा करना आवश्यक है, अन्यथा अभ्यर्थी का चयन निरस्त कर दिया जावेगा।

अनारक्षित श्रेणी के चयनित उम्मीदवार को रू. 20,000/– (रू. बीस हजार मात्र) की राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी। छ्तीसगढ के मूल निवासी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के ऐसे उम्मीदवार जिनके माता–पिता / अभिभावक की वार्षिक आय रू. 60965/– (रू. साठ हजार नौ सौ पैसठ) से अधिक है तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को रू. 10,000/– (रू. दस हजार) सुरक्षा निधि के रूप में जमा करना होगा। जबकि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के ऐसे उम्मीदवार जिनके माता–पिता / अभिभावक की वार्षिक आय रू. 60965/– या इससे कम है उन्हें यह सुरक्षा निधि जमा नहीं करनी होगी परन्तु ऐसे उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त वर्तमान वार्षिक आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सुरक्षा निधि के रूप में जमा की गयी राशि पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापस कर दी जावेगी। इसके अतिरिक्त प्रति चयनित विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष 10,000/– शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क 510/– तथा द्वितीय वर्ष में 10,000/– शिक्षण शुल्क तथा तृतीय वर्ष में 10,000/– शिक्षण शुल्क देय होगा।

इस काउंसिलिंग के दौरान किसी भी श्रेणी के पात्र उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर सीटें रिक्त होने की स्थिति में उन सीटों को आगामी काउंसिलिंग के अंत में नियमानुसार परिवर्तित कर सीटों की पूर्ति की जावेगी।

AIAPGET प्रवेश परीक्षा 2018 में सम्मिलित अभ्यर्थियों जिन्होंने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किया है उनकी महाविद्यालय द्वारा निर्मित अर्ह अभ्यर्थियों की श्रेणी/संवर्गवार मेरिट सूची का विवरण महाविद्यालय की वेबसाईट www.gacraipurcg.in पर उपलब्ध है।

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर छ.ग.